महत्वपूर्ण एवं खास

बहुद्देशीय महिला एवं पुरूष पर्यवेक्षक सेवा संवर्ग की अन्नंतिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित

रायगढ़। संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, बिलासपुर के अंतर्गत कार्यरत बहुद्देशीय महिला पर्यवेक्षक (एल.एच.व्ही.) एवं बहुद्देशीय पुरूष पर्यवेक्षक (एम.पी.एस.) सेवा संवर्ग की (संयुक्त) 01.04.2022 की स्थिति में दर्शाने वाली अन्नंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है, जिसे समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी/ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल खरसिया/ धरमजयगढ़ की ओर प्रेषित करते हुए कार्यालयीन सूचना पटल पर भी चस्पा किया गया है जिसे संबंधित कर्मचारी अवलोकन कर सकते हैं। उक्त अन्नंतिम पदक्रम सूची के संबंध में यदि किसी भी कर्मचारी को कोई आपत्ति हो तो सुधार हेतु अभ्यावेदन सप्रमाण पत्र 20 मार्च 2023 तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय रायगढ़ को उपलब्ध करावें ताकि प्राप्त अभ्यावेदन समय-सीमा के भीतर उच्च कार्यालय को जानकारी प्रेषित किया जा सके।

कुष्ठ विकलांग मरीजों की स्क्रीनिंग एवं जिले में विकृति सुधार शल्य कैम्प का होगा आयोजन

रायगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के दिशा निर्देशन एवं जिला कुष्ठ अधिकारी टी.जी. कुलवेदी के मार्गदर्शन में कुष्ठ के कारण विकलांग हुये मरीजों की स्क्रीनिंग एवं जिले में विकृत सुधार शल्य क्रिया कैंप आयोजित किया जाना है। इस संबंध में कार्तिक घटोअल, फिजियोथेरेपिस्ट, आरएलटीआरआई रायपुर द्वारा 16 मार्च 2023 को शासकीय जिला अस्पताल रायगढ़ में कुष्ठ रोग के कारण विकलांग हुये मरीजों की स्क्रीनिंग करेगें। तत्पश्चात 20 से 22 मार्च के दौरान शासकीय जिला अस्पताल, रायगढ़ में इस संस्थान के आरसीएस टीम द्वारा कैंप मोड रायगढ़ में स्क्रीनिंग द्वारा चुने हुए मरीजों का विकृति सुधार शल्य क्रिया (आरसीएस) सर्जन डॉ.कृष्ण मूर्ति काम्बले निर्देशक आरएलटीआरसी रायपुर द्वारा शासकीय जिला अस्पताल रायगढ़ में संपादित किया जाएगा। 20 मार्च को शासकीय जिला अस्पताल रायगढ़ में मरीजों की भर्ती एवं शल्य क्रिया पूर्ण किये जाने वाले सभी आवश्यक जांच की जावेगी एवं 21 व 22 मार्च को विकृति सुधार शल्य क्रिया किया जावेगा। जिला कुष्ठ अधिकारी टी.जी.कुलवेदी द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि कुष्ठ से पीड़ित विकलांग मरीजों को ज्यादा से ज्यादा निर्धारित समय पर 10 बजे जिला चिकित्सालय भेजे ताकि अधिक से अधिक कुष्ठ पीड़ित व्यक्ति शिविर का लाभ उठा सके।

भोथिया को तहसील का दर्जा दिए जाने पर क्षेत्रवासियों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में सक्ती जिले अंतर्गत नवनिर्मित तहसील भोथिया के निवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उप तहसील भोथिया का उन्नयन करते हुए तहसील का दर्जा दिया जाने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री को भोथिया के निवासियों ने बताया कि उप तहसील से तहसील का दर्जा दिया जाने से अब क्षेत्र के निवासियों के राजस्व सहित अन्य कार्य सुगमता से होंगे और साथ ही क्षेत्र का विकास भी अब तीव्र गति से होगा। इस अवसर पर सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े, डॉ चोलेश्वर चंद्राकर, नंदकुमार सिंह चंद्रा, ताम्रध्वज चंद्रा, खेलाराम चौहान, राजकुमार चंद्रा, गुरु चरण चंद्रा सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

वन परिक्षेत्र अधिकारी को हटाने लामबंद हुए 11 गांव के 500 ग्रामीण रैली निकालकर किया वन परिक्षेत्र अरसीकन्हार का घेराव

❒ **पुलिस के साथ हुई झूमा झपटी भीड़ को संभालने पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत**

नगरी (आरएनएस)। कल वन संघर्ष समिति बेलर बाहरा के बैनर तले दर्जन भर गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने वन परिक्षेत्र अरसीकन्हार के कार्यालय का घेराव किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि वन परिक्षेत्र अधिकारी देवदत तारम के द्वारा ग्रामीणों को झूठे आरोप में केस बनाकर फंसा रहे है और उन्हें न्यायालीन प्रक्रिया में धकेला जा रहा है और भोले भाले आदिवासियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। घुस्साए ग्रामीणों ने बस स्टैंड सांकरा से रैली निकालकर रेंजर मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए घेराव किया।. फॉरेस्ट गेट के पास घेराव के दरमियान पुलिस और ग्रामीणों में झूमा झपटी भी हुई। और ग्रामीण फॉरेस्ट ऑफिस के गेट को तोडक़र अंदर घुसने में सफल हुए

मामला एक हफ्ते पहले का है जहा वन परिक्षेत्र अधिकारी के द्वारा उदंती अंर्तगत सोंढूर डैम से मछली पकड़ते ग्रामीणों को पकड़ा और दो बाइक को राजसात की कार्यवाही की गई ।जिस पर ग्रामीणों का आरोप है की मछली पकडऩे वाले उड़ीसा के व्यापारी को विभाग द्वारा संरक्षण दिया जाता है। उड़ीसा के लोग उसी डैम में मछली पकड़ कर लाखों रुपए की कमाई करते हैं अभ्यारण क्षेत्र के नदी से रेत की चोरी रेत माफियाओं द्वारा खुले रूप से की जाती है उनके ऊपर कार्रवाई नहीं कर उनको संरक्षण प्रदान किया जाता है ऐसे कर्मचारियों के ऊपर में कार्रवाई करने के बजाएं वही निवासरत ग्रामीणों को प्रताड़ित किया जाता है ।फिलहाल ग्रामीणों के बिंदूवार मांगो पर विभाग ने पंद्रह दिन के भीतर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। तब जाकर गुस्साए ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया वही ग्रामीणों की माने तो मांगे पूरी नहीं होने पर डीएफओ कार्यलाय का घेराव किया जाएगा।

ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप* उड़ीसा के लोग रोज उसी बांध से रोज मछली मार कर ले जाते हैं उस पर वन विभाग कारवाई क्यों नहीं करता

अभ्यारण क्षेत्र के नदियों से ठेकेदारों द्वारा रेत का अवैध उत्खनन किया जाता है जिस पर कार्यवाही नहीं की जाती।अभ्यारण क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने पर रोक पेशा क्षेत्र में बिना सर्च वारंट के एवं बिना ग्रामसभा के अनुमति बगैर ग्राम के आबादी क्षेत्र में घर में लगे खेत में घुसकर ग्रामीणों को प्रताड़ित करना

विभिन्न निर्माण कार्य की मंजूरी बकाया राशि जल्द से जल्द प्रदान करें

एक गंभीर आरोप लगाया गया वन विभाग द्वारा निर्माणाधीन बिल्डिंग में दरवाजा खिडक़ी बनाने के नाम पर स्वयं जंगल में लकड़ी की कटाई ग्रामीणों से कराई गई फिर ग्रामीणों द्वारा खिडक़ी दरवाजा निर्माण किया गया जिसके पैसे के लिए विभाग के पास पहुंचे तो ग्रामीणों के ऊपर लकड़ी चोरी की कार्रवाई की गई।

लगभग 11 गांव के ग्रामीण जन आंदोलन करने पहुंचे थे बसीन, बोइरगांव,मेचका, बेलरबहारा, बरपदर, अर्जुनी, तुमड़ीबहार, गाताभर्री, दौड़ पंडरीपानी, ठेनहीं, गोबरा सीतानदी उदन्ती अभ्यारण्य के अरसीकन्हार रेन्ज मे सोन्ढूर डैम आता है जहा डैम के मुख्य गेट मे स्पस्ट लिखा है की यह डैम अभ्यारण्य क्षेत्र के डुबान क्षेत्र में आता है जहां मतस्या खेट कानूनन अपराध है अगर यहां डुबान क्षेत्र मे मछली मारते हुए पकड़े जाने पर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी। दुर्भाग्य है कि सूचना पटल सिर्फ दिखावे के लिए है। वन विभाग मछली चोरी पर अब तक ठोस कार्यवाही करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है।

इस आंदोलन में शामिल थे बेलरबाहरा, ठेनही,दौडपंडरीपानी, मेचका, अरसीकन्हार,बासिन , बोईरगांव, अर्जुनी, तुमड़ीबाहर , गाताबाहर, सहित ग्यारह गांव के ग्रामीणों में इस मामले को लेकर काफी रोष है। पंद्रह दिन में कार्यवाही करने का आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए लेकिन भविष्य में उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दिया गया है ।किसान संघर्ष समिति के बैनर तले नरेश मांझी ,श्री धन सोम,राम स्वरूप मरकाम ,विमला मरकाम ,कमलेश प्रजापति ,तरुण मरकाम आसान सिंह मांझी, ब्रह्म देव शांडिल्य , ओशित पटेल, डिकेश यादव , छत्तरयादव ,सहित सैकड़ों ग्रामीण प्रदर्शन में शामिल थे।

इस संबंध में ग्रामीण नरेश मांझी अध्यक्ष किसान संघर्ष समिति बेलरबाहरा का कहना है कि वे वन क्षेत्र में रहते है व वन अधिनियम के कानून से भी अवगत है जहां त्योहार के चलते ग्रामीण वन क्षेत्र न जाकर डैम के क्षेत्र मे मछली पकड़ रहे थे जिसे कार्यवाही किये जो वन विभाग के अधिकारी का अडिय़ल रवैया है जहां आज परिक्षेत्र अधिकारी खुद अवैध मछली के कारोबार मे लिप्त है जिनका उडीसा के व्यापारियों के साथ साठगांठ है उडीसा के व्यपारी अभ्यारण्य क्षेत्र मे रोजाना आते है और कई क्विंटल मछली रोजाना ले कर जा रहे।

अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ 11वीं बार ऑल ओवर चैम्पियन

❒ **मुख्यमंत्री बघेल और वन मंत्री अकबर ने दी बधाई**

❒ **164 मेडल जीतकर निकटतम प्रतिद्वंद्वी कर्नाटक को पछाड़ा**

रायपुर (आरएनएस)। हरियाणा राज्य के पंचकूला में आज सम्पन्न हुई 26 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ 11वीं बार ओवर ऑल चैम्पियन बना है। छत्तीसगढ़ ने कुल 164 मेडल जीतकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कर्नाटक को पछाड़ते हुए पुन: अपना प्रथम स्थान कायम रखा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने छत्तीसगढ़ राज्य की अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वन विभाग को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। गौरतलब है कि पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में टेनिस, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, तैराकी, कैरम, चेस, वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग, कबड्डी जैसे इंडोर गेम के साथ-साथ क्रिकेट, फुटबॉल, बॉस्केट बॉल, हॉकी, गोल्फ, एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट होते है। इस प्रतियोगिता में वन विभाग के उच्चतम अधिकारी पीसीसीएफ से लेकर गॉड तक खेल स्पर्धाओं में भाग लेते है।

छत्तीसगढ़ के वन विभाग टीम ने क्रिकेट में जम्मू कश्मीर को हराकर सातवीं बार गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी तरह फुटबॉल में हरियाणा के टीम को हराकर छत्तीसगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की टीम में कई नेशनल खिलाड़ी शामिल थे। छत्तीसगढ़ की बॉस्केट बॉल टीम ने कर्नाटक की टीम को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया। वेटलिफ्टिंग पॉवरलिफ्टिंग में कुल 19 स्वर्ण, टेनिस में 12 स्वर्ण, बैडमिन्टन में 04 स्वर्ण, तैराकी में 06 स्वर्ण, एथलेटिक्स में 18 स्वर्ण, 10 रजत, 08 कांस्य पदक जीते हैं। इसी प्रकार टेनिस में 09 स्वर्ण और 02 रजत पदक प्राप्त किया है।

इस तरह इस वर्ष की 26 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने कुल 164 मेडल जीतकर कुल 542 अंक प्राप्त किए और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कर्नाटक को कड़ी प्रतिस्पर्धा में पछाड़ते हुए पुन: अपना प्रथम स्थान कायम रखा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तथा वन मंत्री सहित वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी एपीसीसीएफ सुनील मिश्रा और डीएफओ विश्वेष कुमार, आलोक तिवारी, सुश्री संगीता राजगोपालन के अथक प्रयास तथा खिलाडिय़ों के सतत अभ्यास एवं लगन से छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इससे छत्तीसगढ़ गौरवान्वित हुआ है।

विपक्ष के दमन के आरोप पर भारी हंगामा, कार्यवाही स्थगित

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में आज शून्यकाल के दौरान प्रतिपक्ष के आरोप पर जोरदार हंगामा हुआ। प्रतिपक्ष ने सरकार पर विपक्ष को कुचलने का आरोप लगाते हुए कहा कि आपातकाल की स्थिति है। विपक्ष के लोकतांत्रिक आंदोलनों को दबाने के लिए दमन किया जा रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को टारगेट कर जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है। यह घबराई हुई सरकार की मानसिकता है। पहले भी ऐसा हुआ था। विपक्ष को कुचलने का परिणाम याद रखा जाए। विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव ग्राह्य करने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिलाबदर की कार्यवाही का मामला उठाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में आपातकाल की स्थिति है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लादे जा रहे हैं। गैर जमानती धाराएं लगाई जा रही हैं। जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है।लोकतंत्र में अपनी बात कहने का अधिकार सबको है। भाजपा सदस्य शिवरतन शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से होने वाले आंदोलन पर जिला बदर की कार्यवाही होना गलत है। भाजपा कार्यकर्ताओं पर चक्काजाम, घेराव, भगवा ध्वज के अपमान पर जुलूस निकालने के मामले हैं। सौ लोगों पर मामला लादा गया। भाजपा कार्यकर्ताओं को टारगेट कर जिला बदर किया जा रहा है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने लैलूंगा के किसानों को गोवा के लिए किया रवाना

❒ **विश्व स्तरीय महाजैविक उत्पाद प्रदर्शनी में किसान लगायेंगे लैलूंगा के सुगंधित जवाफल चावल की प्रदर्शनी**

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज लैलूंगा ब्लाक के 23 किसानों को गोवा भ्रमण के लिए रवाना किया। ये किसान भारत के गोवा राज्य के राजधानी पणजी में आयोजित विश्व स्तरीय महाजैविक उत्पाद प्रदर्शनी में लैलूंगा के सुगंधित जवाफूल चावल की प्रदर्शनी लगायेंगे। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, उप संचालक कृषि अनिल कुमार वर्मा भी उपस्थित थे।

प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सारथी ने बताया कि कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैविक प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जैविक खेती मिशन योजनान्तर्गत लैलूंगा के 23 किसानों को गोवा रवाना किया गया है। उक्त किसान गोवा राज्य की राजधानी पणजी में आयोजित होने वाली विश्व स्तरीय माह जैविक उत्पाद प्रदर्शनी में लैलूंगा के जवाफूल चावल की प्रदर्शनी लगायेंगे। यह प्रदर्शनी 17 से 19 मार्च तक आयोजित होगी। उक्त किसान वहां 150 रुपये प्रति किलो के हिसाब से चावल की बिक्री करेंगे। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा उक्त किसानों को मार्केट तलाश की दिशा में कार्य करने हेतु सहायता प्रदान की गई है, ताकि लैलूंगा के सुगंधित जवाफू ल चावल को देश-विदेश में

मैनपुर के नजदीक पहुंचा हाथियों का दल, दहशत में स्कूल बंद, ग्रामीण जान बचाने पक्का मकान के छतों पर चढ़े

मैनपुर (आरएनएस)। गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण इन दिनो हाथियों के धमक से दहशत में रात और दिन गुजारने मजबूर हो रहे है हाथियों का दल तहसील मुख्यालय मैनपुर के नजदीक महज पांच किलोमीटर दुर ग्राम ठेमली,पथर्री,पेंड्रा में जमकर रात में उत्पात मचाने के बाद सुबह 10 बजे आज सोमवार को नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर देवभोग मार्ग से लगे ग्राम उखरूपारा झरियाबाहरा में धमक गया दिन में अचानक हाथियों के दल को गांव में आते

देखकर ग्रामीण महिला पुरूष, बच्चे जान बचाने शासकीय प्राथमिक शाला उखरूपारा के छत पर चढ गये,हाथियों के दल उखरूपारा गांव के भीतर घुस गया लगभग 12 बजे तक नेशनल हाईवे के किनारे उखरूपारा में हाथियों का दल मंडराते रहा वही हाथी मित्रदल एंव वन विभाग के टीम लगातार सायरन लगे वाहनों से सायरन बजा बजाकर हाथियों को गांव से बाहर निकालने मशक्कत करते दिखे हाथियों के दल ने ग्राम उखरूपारा में कई ग्रामीणों के बाडी में लगे मक्का और सब्जी के फसल को जमकर नुकसान पहुचाने के बाद नेशनल हाईवे के किनारे पहुच गया,पेंड्रा ग्राम के तरफ बढ गया पेंड्रा में हाथियों के दल पहुचने से पहले ही वन विभाग मुस्तैद हो गया हाथियों का दल अडगडी मुख्य मार्ग को पार कर अभी समाचार लिखे जाने देर शाम तक ग्राम अडगडी और नगरी मार्ग के समीप विचरण कर रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम ने लाभांश एवं लीज रेंट की 3.51 करोड़ रूपए की राशि का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आज यहां विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय कक्ष में वन मंत्री मोहम्मद अकबर और छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष देवेन्द्र बहादुर सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम की वर्ष 2021-22 के लाभांश 3.51 करोड़ रूपए की राशि का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी, वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम ए.के. भट्ट उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ राज्य वन निगम के अध्यक्ष देवेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि वन विकास निगम द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यों से राज्य के वनांचल में रहने वाले वनवासियों एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के ग्रामीणों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु उन्हें सतत् रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। निगम द्वारा बैंक अथवा किसी वित्तीय संस्थान से कोई ऋण नहीं लिया गया है, न ही निगम को राज्य शासन से कोई अनुदान प्राप्त होता है। वन विकास निगम राज्य में हरियाली के प्रसार एवं पर्यावरणीय विकास हेतु कृत संकल्प है। वन विकास निगम के प्रबंध संचालक ए.के. भटट द्वारा मुख्यमंत्री को बताया कि वन विकास निगम द्वारा भारत सरकार द्वारा स्वीकृत कार्य आयोजना अंतर्गत रोपित किये गये सागौन वृक्षारोपण के विरलन से प्राप्त वनोपज के विक्रय एवं अन्य आय से वित्तीय वर्ष 2021-22 में 69 करोड़ 11 लाख रूपए की आय हुई तथा विभिन्न कार्यों पर 31 करोड़ 79 लाख रूपए व्यय हुआ है। वर्ष के दौरान निगम को 36 करोड़ 48 लाख रूपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ हुआ है। वर्ष 2021-22 में निगम द्वारा 1982 हेक्टेयर क्षेत्र में 35 लाख सागौन तथा छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यावरण सुधार हेतु डिपाजिट रोपण योजना अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों से प्राप्त राशि से 7 लाख 47 हजार मिश्रित प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष में 2021-22 में 13,504 घनमीटर इमारती काष्ठ 7,845 नग बल्ली, 5,698 नग जलाऊ चट्टा तथा 86 नोशनल टन बांस का उत्पादन हुआ है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शकुन्ले एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना का हो प्रभावी क्रियान्वयन -कलेक्टर

❒ **कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक**

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसमें कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने जिले में संचालित मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। इसके लिए सीएमएचओ को समस्त हाट-बाजार टीम के लिए पैथोलॉजिकल जांच करने के सामग्री एवं उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम की सफलता के लिए स्थानीय सचिव एवं सरपंच को भी सम्मिलित होने के निर्देश दिए। बरमकेला एवं बिलाईगढ़ में दोनों आंख से मोतियाबिंद के आपरेशन पूरे कराए जा चुके हैं, वही सारंगढ़ में अभी भी 35 केस शेष होने के कारण इसी माह ऑपरेशन पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सारंगढ़ के धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में कम दवा खरीदी होने के कारण कलेक्टर ने बीएमओ सारंगढ़ पर नाराजगी जाहिर की।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने चिरायु टीम के कार्य की सराहना करते हुए सर्जिकल हेतु और अधिक केस चिन्हित करने के निर्देश दिए। मीटिंग में उपस्थित जिला आयुर्वेद अधिकारी को प्रतिमाह बीएमओ बिलाईगढ़ के माध्यम से आयुष ओपीडी रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर आयुष्मान कार्ड ब्लॉकिंग के कार्य पर संतुष्टि जाहिर करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कम ब्लॉकिंग के कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तीनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 24 घंटे कार्ड बनाने एवं ब्लॉकिंग का कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने नव अपग्रेडेड एचडब्लयूसी के ब्रांडिंग के कार्य पूर्ण करने हेतु आरईएस के इंजीनियर को मीटिंग स्थल से ही दूरभाष पर एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। आईसीडीएस द्वारा चिन्हित कुपोषित बच्चों का पैनल तैयार कर क्रमश: पहले बैच के कुपोषित बच्चों के डिस्चार्ज पश्चात दूसरे बैच के कुपोषित बच्चों को भर्ती कर लगातार एनआरसी में गुणवत्ता पूर्वक सेवाएं देने के निर्देश दिए।

ओरल हेल्थ नोडल अधिकारी के अगुवाई में प्रति सप्ताह कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई करने, स्कूलों व कार्यालयों के 100 गज की दूरी तक को येलो जोन निर्मित करने के निर्देश दिए। जिले में कार्यरत दंत चिकित्सकों को डेंटल एवं ओरल ओपीडी बढ़ाने के निर्देश दिए।

जिले में हुए 1 मातृ मृत्यु का जिला स्तर पर ऑडिट कर 102 एवं 108 का समय पर रोगी परिवहन में सुनिश्चित करने, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना तहत गर्भवती माताओं के यूएसजी कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में पदस्थ डॉ.पुष्पेंद्र वैष्णव को सप्ताह में एक दिन बरमकेला, एक दिन सारंगढ़ एवं चार दिन बिलाईगढ़ के गर्भवती माताओं के यूएसजी करने के निर्देश दिए। स्कूलों में डब्ल्यूआईएफएस कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन हेतु मीटिंग में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक स्कूल में नोडल शिक्षक नियुक्त कर प्रभावी क्रियान्वयन करने को कहा।